ॐ मंगलम ओमकार मंगलम,
आप हो अखंड मंडलाकार मंगलम,
विश्वाधार मंगलम ।।

सौराष्ट्र श्री सोमनाथ मंगलम,
वंदन हो श्रष्टि, सम्राट मंगलम,
महानाथ मंगलम ।।

ॐ नमो नागेश्वराय मंगलम,
मंगल कर माहेश्वराय मंगलम,
मल्लिकार्जुन महाराज मंगलम,
सब ना करछु काज मंगलम,
योगिराज मंगलम ।।

www.bhajandiary.com
ॐ महाकालेश्वर नाथ मंगलम,
हर हर महादेव उमानाथ मंगलम,
नमो महामम्लेश्वर नाथ मंगलम,
परम पुनीत प्राण नाथ मंगलम,
ॐ नाथ मंगलम ।।

मंगल कर नाथ वैधनाथ मंगलम,
शिव लहरी संतान सम्राट मंगलम,
ॐ भव्य भीम शंकराय मंगलम,

त्रिनेत्र त्रिशूल धराय मंगलम,
शिव धराय मंगलम।।

ॐ नमो रामेश्वराय मंगलम,
दया सिंधु हृदयेश्वराय मंगलम,
ॐ काशी विश्वेश्वराय मंगलम,
नमो नाथ विश्वमभराय मंगलम,
वरदाय मंगलम।।

ॐ नमो त्रयम्भकेश्वराय मंगलम,
गौरी नाथ गौतमेश्वराय मंगलम,
हर हर महादेव श्री केदार मंगलम,
त्रिपुर हर त्रिलोकी आगार मंगलम,
गुणागार मंगलम।।

ॐ उष्मेश्वर देवादि देव मंगलम,
भक्तो ने स्वीकारे शैव मंगलम,
श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम मंगलम,
शिव लहरी सदा शिव नाम मंगलम,
भगवान मंगलम,

ॐ मंगलम ओमकार मंगलम,
आप हो अखंड मंडलाकार मंगलम,
विश्वाधार मंगलम।।

Source: https://www.bharattemples.com/om-mangalam-omkar-mangalam-hindi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw